arihant

पूर्णतः संशोधित संस्करण

# मास्टर रीजनिंग

## Verbal, Non-Verbal & Analytical

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं

UPSC (CSAT), State PSCs, SBI & IBPS (PO/Clerk), LIC & GIC, SSC, Railways, UPSSSC, B Ed, शिक्षक भर्ती, KVS/NVS एवं पुलिस भर्ती आदि के लिए

सफलता की मास्टर KEY

# मास्टर रीजनिंग

## Verbal, Non-Verbal & Analytical

*लेखकगण*
के के सिंह
अमोघ गोयल
रिंकु वर्मा

arihant
अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

मास्टर
# रीजनिंग
Verbal, Non-Verbal & Analytical

arihant

## अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

**© प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

卐 **रजि. कार्यालय**

'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550; **फैक्स:** 011-23280316

卐 **मुख्य कार्यालय**

कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
**फोन:** 0121-2401479, 2512970, 4004199; **फैक्स:** 0121-2401648

卐 **शाखा कार्यालय**

आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर, मेरठ तथा पुणे

卐 **ISBN** 978-93-13198-37-6

卐 **मूल्य** ₹ 665.00

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATION (INDIA) LIMITED*

**प्रोडक्शन टीम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पब्लिशिंग मैनेजर | : *महेन्द्र सिंह रावत, केशव अग्रवाल* | इनर डिजाइनर | : *अंकित सैनी* |
| प्रोजेक्ट हैड | : *शाहिद सैफी* | पेज लेआउट सैटिंग | : *चिंटू कुमार, राजीव सैनी, विपिन प्रजापति, रिंकू कुमार* |
| कवर डिजाइनर | : *आस मोहम्मद मलिक* | प्रूफ रीडर्स | : *राजवीर सिंह, राशिद सैफी, मोहित शर्मा, करूणा भारती* |

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट
**www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

/arihantpub /@arihantpub Arihant Publications /arihantpub

# प्रस्तावना

आधुनिक समय में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में तार्किक क्षमता (Reasoning Ability) सेक्शन का अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रतियोगी परीक्षाओं में तार्किक क्षमता से सम्बन्धित प्रश्न पूछने का मुख्य कारण अभ्यर्थी की बौद्धिक क्षमता की जाँच तथा परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेने की क्षमता की जाँच करना होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में तार्किक क्षमता से सम्बन्धित पूछे जाने वाले प्रश्नों को हल करना अभ्यर्थियों के लिए आसान नहीं होता। परन्तु यदि इन प्रश्नों का निरन्तर अभ्यास किया जाए तो परीक्षा में इन्हें हल करना आसान हो जाता है। यदि अभ्यर्थी का आधारीय ज्ञान दृढ़ है तथा वह निरन्तर अभ्यास कर रहा है, तो वह तर्कशक्ति से सम्बन्धित प्रश्नों को तीव्र गति तथा सटीकता से हल कर सकता है। इसी महत्त्वाकांक्षा को ध्यान में रखते हुए **'मास्टर रीजनिंग'** निर्मित की गई है। इस पुस्तक का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थी को अधिक से अधिक न्यू-पैटर्न के प्रश्नों को उपलब्ध कराना एवं उन्हें हल करने की सर्वोत्तम विधि सिखाना है।

यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे-SBI & IBPS (Clerk/PO), SSC (MTS/10+2/CGL/CPO), FCI, Railways(NTPC/JE/ALP/Group D), UPSC (CSAT), State PSCs तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में तर्कशक्ति से सम्बन्धित पूछे जाने वाले प्रश्नों के पैटर्न को आधार मानकर तैयार की गई है।

*इस पुस्तक में तर्कशक्ति परीक्षण की विषय-वस्तु को निम्न तीन भागों में बाँटा गया है*

**भाग I** भाषिक तर्कशक्ति (Verbal Reasoning)

**भाग II** अभाषिक तर्कशक्ति (Non-Verbal Reasoning)

**भाग III** विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति (Analytical Reasoning)

## संशोधित संस्करण की प्रमुख विशेषताएँ

- मास्टर रीजनिंग के संशोधित संस्करण में निर्णयन क्षमता, कथन की सत्यता पर आधारित, संख्या परीक्षण, गणितीय तर्कशक्ति, समान आकृति के नए अध्यायों तथा पहेली (Puzzles) एवं निवेश-निर्गम (Input-Output) के नए प्रकार के प्रश्नों का समावेश किया गया है।
- पुस्तक के प्रत्येक अध्याय की थ्योरी को प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए नवीनतम प्रश्नों के ट्रेण्ड को आधार मानकर विभिन्न प्रकारों में बाँटा गया है।
- पुस्तक में विगत वर्षों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए सभी प्रश्नों का समावेश किया गया है।
- पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में सभी प्रकार के प्रश्नों के लिए अलग-अलग प्रश्नावलियाँ एवं अध्याय के अन्त में सभी प्रकार के प्रश्नों को शामिल करते हुए मास्टर प्रश्नावली दी गई है।
- नवीनतम पद्धति के अनुसार, सभी प्रकार के प्रश्नों का कवरेज प्रत्येक अध्याय के अन्तर्गत उनकी प्रवृत्ति के अनुसार किया गया है।

यद्यपि इस पुस्तक को निर्मित करने में पूर्णतया सावधानी बरती गई है तथा पूर्णतया कोशिश की गई है कि यह पुस्तक पूर्णरूप से त्रुटिरहित हो, परन्तु फिर भी इसमें भूलवश कोई त्रुटि रह गई हो, तो आप लोगों के सुझाव सादर आमन्त्रित हैं।

***लेखकगण***

अभ्यर्थियों के लिए

# पुस्तक का महत्त्व

1. इस पुस्तक का निर्माण UPSC (CSAT), State PSC's, SBI & IBPS (Clerk/PO), SSC (MTS/10+2/CGL /CPO, Steno), FCI, LIC & GIC (AO/ADO/AAO), Railways, B Ed., Paramilitary Force, Police (SI/ Constable), UPSSSC तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर किया गया है।

2. पुस्तक को तीन खण्डों **भाषिक** (Verbal), **अभाषिक** (Non-Verbal) तथा **विश्लेषणात्मक** (Analytical) तर्कशक्ति में विभाजित करके इसके प्रत्येक अध्याय को विगत वर्षों की प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विभिन्न प्रकारों में विभाजित किया गया है।

3. लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पूछे जाने की तकनीक में आधारभूत परिवर्तन हुए हैं। यह पुस्तक नवीनतम तकनीक जैसे–UPSC (CSAT) के पेपर–II, SBI & IBPS (Clerk/PO), SSC (10+2/CGL), Railways आदि के नये सिलेबस व प्रश्न–पत्रों के आधार पर तैयार की गई है तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के नवीनतम प्रश्नों को प्रश्नावली तथा उदाहरणों में समायोजित किया गया है।

4. अभ्यर्थी को किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफल हाने के लिए निरन्तर अभ्यास की आवश्यकता होती है। अतः सभी परीक्षाओं की आपूर्ति हेतु प्रश्नों का अपार भण्डार लगभग **11000 प्रश्न–उत्तर** व्याख्या सहित, इस पुस्तक में निहित हैं।

5. इस पुस्तक के सभी प्रश्नों के व्याख्यात्मक हल दिए गए हैं, जो अभ्यर्थियों के लिए विषय–सामग्री को समझने में सहायक सिद्ध होंगे।

6. इस पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में दिए गए उदाहरणों के साथ–साथ अभ्यास प्रश्नों को भी हल करें, जो परीक्षा की पूर्ण तैयारी कराएंगे एवं उसमें सफलता के प्रति दृढ़ आत्मविश्वास जाग्रत करेंगे।

7. इस पुस्तक में तर्कशक्ति के सभी अध्यायों की चर्चा की गई है तथा तर्कशक्ति परीक्षण को सरल, बोधगम्य एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

8. प्रश्नों को यथाशीघ्र हल करने हेतु आवश्यकतानुसार जगह–जगह संक्षिप्त विधियाँ (Short-cut Methods) दी गई हैं, जो परीक्षा भवन में आपके समय की बचत करने में सहायक हैं।

# विषय–सूची

## भाग I

### भाषिक तर्कशक्ति (Verbal Reasoning)


| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण | 3-37 |
| 2. | सादृश्यता | 38-76 |
| 3. | वर्गीकरण | 77-107 |
| 4. | कोडिंग–डिकोडिंग | 108-158 |
| 5. | शृंखला | 159-196 |
| 6. | औपबन्धिक संख्या, अक्षर एवं प्रतीक | 197-206 |
| 7. | शब्दों का तार्किक क्रम | 207-214 |
| 8. | दिशा और दूरी | 215-243 |
| 9. | रक्त सम्बन्ध | 244-268 |
| 10. | क्रम परीक्षण | 269-286 |
| 11. | बैठक व्यवस्थिकरण | 287-315 |
| 12. | पहेली परीक्षण | 316-362 |
| 13. | घड़ी | 363-376 |
| 14. | कैलेण्डर | 377-390 |
| 15. | संख्या परीक्षण | 391-399 |
| 16. | गणितीय संक्रियाएँ | 400-417 |
| 17. | गणितीय तर्कशक्ति | 418-423 |
| 18. | आयु पर आधारित समस्याएँ | 424-429 |
| 19. | लुप्त पदों को भरना | 430-443 |
| 20. | गणितीय कथन एवं निष्कर्ष (असमानता) | 444-468 |
| 21. | घन, घनाभ एवं पासा | 469-514 |
| 22. | वेन आरेख | 515-534 |
| 23. | आव्यूह परीक्षण | 535-544 |
| 24. | आँकड़ों की पर्याप्तता | 545-572 |
| 25. | निवेश एवं निर्गम | 573-598 |
| 26. | निर्णयन क्षमता | 599-613 |
| 27. | कथन की सत्यता का परीक्षण | 614-616 |

**भाग II**

## अभाषिक तर्कशक्ति (Non-Verbal Reasoning)


| | | |
|---|---|---|
| 1. | शृंखला | 619-640 |
| 2. | सादृश्यता | 641-669 |
| 3. | वर्गीकरण | 670-680 |
| 4. | आकृति पूर्ति | 681-689 |
| 5. | आकृति निर्माण | 690-704 |
| 6. | सन्निहित आकृति | 705-717 |
| 7. | आकृतियों की गिनती | 718-739 |
| 8. | दर्पण प्रतिबिम्ब | 740-750 |
| 9. | जल प्रतिबिम्ब | 751-757 |
| 10. | कागज मोड़ना एवं काटना | 758-780 |
| 11. | समान आकृति | 781-794 |
| 12. | आकृतियों का समूहीकरण | 795-805 |
| 13. | आकृति आव्यूह | 806-813 |
| 14. | आकृतियों में बिन्दुओं की स्थिति | 814-816 |


**भाग III**

## विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति (Analytical Reasoning)


| | | |
|---|---|---|
| 1. | न्याय निगमन | 819-864 |
| 2. | कथन एवं निष्कर्ष | 865-877 |
| 3. | कथन एवं तर्क | 878-892 |
| 4. | कथन एवं पूर्वधारणाएँ | 893-914 |
| 5. | कथन एवं कार्यवाहियाँ | 915-932 |
| 6. | कथन एवं कारण | 933-937 |
| 7. | कारण एवं प्रभाव | 938-954 |
| 8. | परिच्छेद पर आधारित निष्कर्ष | 955-970 |

# भाषिक तर्कशक्ति

## VERBAL REASONING

# 01

# अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण

## (English Alphabet Test)

जिन ध्वनि संकेतों को और खण्डों में विभाजित न किया जा सके, उन्हें वर्ण या अक्षर कहते हैं। अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 अक्षर होते हैं
A, B, C, D, ……………… आदि। वर्णों के इस क्रमबद्ध समूह को अंग्रेजी वर्णमाला कहते हैं।

अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण अंग्रेजी अक्षरों या वर्णमाला के एक निश्चित प्रारूप में व्यवस्थित होने पर आधारित है। इस परीक्षण के अन्तर्गत चुने गए अक्षरों द्वारा शब्दों की रचना, अक्षरों के युग्म और दो अक्षरों के मध्य अक्षर ज्ञात करना इत्यादि पर आधारित प्रश्न हल करने होते हैं।

## अंग्रेजी वर्णमाला से सम्बन्धित कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

अंग्रेजी वर्णमाला से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने के लिए नीचे कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य दिए गए हैं, जिनके बारे में हमें जानकारी होना अति आवश्यक है।

### 1. अंग्रेजी वर्णमाला के बड़े/छोटे अक्षर

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **बड़े अक्षर** | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
| **छोटे अक्षर** | a | b | c | d | e | f | g | h | i | j | k | l | m |
| **बड़े अक्षर** | N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
| **छोटे अक्षर** | n | o | p | q | r | s | t | u | v | w | x | y | z |

### 2. अंग्रेजी वर्णमाला के स्वर और व्यंजन

(i) **स्वर** (Vowels) अंग्रेजी वर्णमाला में 5 स्वर होते हैं, जो निम्न हैं
A, E, I, O, U

(ii) **व्यंजन** (Consonants) अंग्रेजी वर्णमाला में 21 व्यंजन होते हैं, जो निम्न हैं
B, C, D, F, G, H, J, K, L, M, N, P, Q, R, S, T, V, W, X, Y, Z

### 3. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरों का स्थान व अर्द्धांश

अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर का अपना एक निश्चित स्थान होता है। वर्णमाला के प्रथम 13 तथा अन्तिम 13 अक्षरों को क्रमशः प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश कहते हैं। यह स्थान दो क्रमों पर निर्भर करता है

#### (i) सीधे क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश

अंग्रेजी वर्णमाला में A से Z की ओर अक्षरों के बढ़ते हुए क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का सीधा क्रम कहते हैं तथा इस क्रम में A से M तक के अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा N से Z तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते हैं।

**बाएँ से दाएँ**

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |

←—— प्रथम अर्द्धांश ——→

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** |

←—— द्वितीय अर्द्धांश ——→

#### (ii) विपरीत क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश

अंग्रेजी वर्णमाला में Z से A की ओर अक्षरों के बढ़ते क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का विपरीत क्रम कहते हैं। इस क्रम में Z से N तक के अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा M से A तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते हैं।

**बाएँ से दाएँ**

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Z | Y | X | W | V | U | T | S | R | Q | P | O | N |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |

←—— प्रथम अर्द्धांश ——→

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | L | K | J | I | H | G | F | E | D | C | B | A |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** |

←—— द्वितीय अर्द्धांश ——→

**नोट** अक्षर की बाईं ओर से गणना करने के लिए अक्षर A से तथा दाईं ओर से गणना करने के लिए अक्षर Z से गिनना प्रारम्भ करते हैं। इस प्रकार, किसी एक वर्ण की स्थान संख्या बाईं ओर से, जो होगी वह दाईं ओर से उस वर्ण की स्थान संख्या से बिल्कुल भिन्न होगी। जैसे—बाईं ओर से 22वाँ अक्षर अर्थात् A से प्रारम्भ करने पर 22वाँ अक्षर V होता है, जबकि दाईं ओर से अर्थात् Z से प्रारम्भ करने पर 22वाँ अक्षर E होता है।

**EJOTY व CFILORUX द्वारा अक्षरों का स्थान क्रम ज्ञात करना**

वर्णमाला क्रम याद रखने के लिए बाईं ओर से 5वें, 10वें, 15वें, 20वें तथा 25वें स्थान पर आने वाले वर्ण E, J, O, T तथा Y को इजोटी (EJOTY) कहते हैं। अंग्रेजी वर्णमाला में EJOTY के प्रत्येक अक्षर के मध्य चार अक्षरों का अन्तर होता है अर्थात्

**बाएँ से**

[A B C D] **E** [F G H I] **J** [K L M N] **O** [P Q R S] **T** [U V W X] **Y** [Z]

5 $\xrightarrow{+5}$ 10 $\xrightarrow{+5}$ 15 $\xrightarrow{+5}$ 20 $\xrightarrow{+5}$ 25

किसी स्थान का वर्ण निकालने के लिए 5, 10, 15, 20 तथा 25 में से जिससे सबसे नजदीक वह संख्या है, उस स्थान के मान में जोड़कर या घटाकर वह स्थान प्राप्त कर लेते हैं तथा उसी के अनुसार वर्णों की गिनती आगे या पीछे करके प्राप्त कर लेते हैं।

जैसे– बाईं ओर से 18वाँ वर्ण निकालने को कहा गया है, तो 18 के नजदीक संख्या 20 है और 20 में से 2 घटाने पर 18 प्राप्त होता है।

EJOTY के अनुसार 20वाँ वर्ण T है, तो T से पहले वाला दूसरा वर्ण R 18वाँ वर्ण होगा। यदि दाईं ओर से वर्णों को ज्ञात करना हो, तो बाईं ओर से भी दाईं ओर के वर्णों को निम्नवत् सूत्र से ज्ञात कर सकते हैं

27 – (दाईं ओर से वर्णों की संख्या) = बाईं ओर से वर्णों की संख्या

जैसे— दाईं ओर से 18वाँ वर्ण कौन-सा होगा?

⇒ 27 – 18 = 9

अतः बाईं से 9वाँ वर्ण = I (दाईं ओर से 18वाँ वर्ण)

EJOTY के अलावा वर्णक्रम को याद रखने के लिए CFILORUX को भी याद रख सकते हैं अर्थात्

**बाएँ से** C F I L O R U X

3 $\xrightarrow[+3]{}$ 6 $\xrightarrow[+3]{}$ 9 $\xrightarrow[+3]{}$ 12 $\xrightarrow[+3]{}$ 15 $\xrightarrow[+3]{}$ 18 $\xrightarrow[+3]{}$ 21 $\xrightarrow[+3]{}$ 24

## विपरीत अक्षर

अंग्रेजी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर का एक विपरीत अक्षर होता है।

जैसे–A का विपरीत अक्षर Z, B का विपरीत अक्षर Y, C का विपरीत अक्षर X, D का विपरीत अक्षर W, ...... तथा आगे भी यही क्रम जारी रहेगा। विपरीत अक्षरों की संगत संख्याओं का योगफल हमेशा 27 होता है अर्थात् अंग्रेजी वर्णमाला के कोई भी दो अक्षर, जिनका वर्णमाला क्रमानुसार मान का योगफल 27 हो जाए, तो वे दोनों अक्षर आपस में एक-दूसरे के विपरीत अक्षर होते हैं। जैसे–

A ⟷ Z ⟶ 1 + 26 = 27
B ⟷ Y ⟶ 2 + 25 = 27
C ⟷ X ⟶ 3 + 24 = 27
D ⟷ W ⟶ 4 + 23 = 27
E ⟷ V ⟶ 5 + 22 = 27
F ⟷ U ⟶ 6 + 21 = 27
G ⟷ T ⟶ 7 + 20 = 27
H ⟷ S ⟶ 8 + 19 = 27
I ⟷ R ⟶ 9 + 18 = 27
J ⟷ Q ⟶ 10 + 17 = 27
K ⟷ P ⟶ 11 + 16 = 27
L ⟷ O ⟶ 12 + 15 = 27
M ⟷ N ⟶ 13 + 14 = 27

अंग्रेजी वर्णमाला के जिस अक्षर का विपरीत अक्षर ज्ञात करना हो, तो उस अक्षर की संगत संख्या को 27 में से घटा देते हैं। घटाने के बाद, जो संख्या प्राप्त होती है, वही विपरीत अक्षर की संगत संख्या होती है। संगत संख्या प्राप्त हो जाने पर उस क्रमांक पर स्थित अभीष्ट अक्षर प्राप्त हो जाता है।

जैसे– I का विपरीत अक्षर इस तरह से ज्ञात करेंगे

I = 9 ⇒ 27 – 9 = 18 = R

अतः I का विपरीत अक्षर R होगा।

**विपरीत अक्षरों को याद रखने की ट्रिक**

| | |
|---|---|
| AZ | ZA → जा अंग्रेजी में go |
| BY | शब्द by → द्वारा |
| CX | CIX (जैसे-SIX) → छः |
| DW | DW → शब्द DEW |
| EV | EV (Evening) → शाम |
| FU | Fu → Full |
| GT | GT रोड (शेरशाह द्वारा निर्मित) |
| HS | Higher Secondary (उच्चतम माध्यमिक) |
| IR | Indian Railway (भारतीय रेल) |
| JQ | Jack और Queen (ताश के पत्तों का खेल) |
| KP | Kevin Peterson (इंग्लैंड का क्रिकेट खिलाड़ी) |
| LO | LO → LOVE शब्द |
| MN | MN → MAN शब्द |

## अक्षरों के बाएँ तथा दाएँ ओर का अक्षर ज्ञात करना

अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों का अपना कोई बायाँ या दायाँ नहीं होता है, बल्कि अक्षरों के दाएँ या बाएँ को हम अपने दाएँ या बाएँ से प्रदर्शित करते हैं। दूसरे शब्दों में, हम यह कह सकते हैं कि जिस ओर हमारा दायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का दायाँ होता है और जिस ओर हमारा बायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का बायाँ होता है।

जैसे–

प्रेक्षक

A B C D E F G H I J K L M  N O P Q R S T U V W X Y Z

|←— बाईं ओर —— —— दाईं ओर —→|

यदि N के बाईं ओर 5वाँ अक्षर निकालना हो, तो N के सामने खड़े होकर बाईं ओर 5वाँ अक्षर निम्न प्रकार ज्ञात करें।

A B C D E F G H [I] J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

5वाँ ←— बाईं ओर —— प्रेक्षक

अब आप सरलता से कह सकते हैं कि N के बाईं ओर 5वाँ अक्षर I होगा। इस प्रकार आप ध्यान देंगे, तो पाएँगे कि किसी अक्षर से बाईं ओर का तात्पर्य वर्णमाला क्रम में उस अक्षर से पहले आने वाला अक्षर होगा तथा किसी अक्षर से दाईं ओर का तात्पर्य वर्णमाला क्रम में उस अक्षर के बाद आने वाला अक्षर होगा। बाएँ तथा दाएँ शब्दों से सम्बन्धित कुछ पद (terms) निम्नलिखित हैं

(i) **ठीक बाएँ** का अर्थ होता है कि उस अक्षर के तुरन्त पहले का अक्षर जैसे–C के ठीक बाएँ का अक्षर B होगा।

(ii) **ठीक दाएँ** का अर्थ होता है कि उस अक्षर के तुरन्त बाद का अक्षर जैसे–C के ठीक दाएँ का अक्षर D होगा।

(iii) **आपके बाएँ से** का अर्थ होता है, आपके बाएँ से दाईं ओर अर्थात् अक्षर A से Z की ओर,

A → B → C → D → E → F → ........→ X → Y → Z

(iv) **आपके दाएँ से** का अर्थ होता है, आपके दाएँ से बाईं ओर अर्थात् अक्षर Z से A की ओर, A ← B ← C ← D ← E ← ...... ← X ← Y ← Z

(v) **बाईं ओर** का अर्थ होता है, दाएँ से बाईं ओर अर्थात् अक्षर Z से A की ओर, A ← B ← C ← D ← E ← ......... ← X ← Y ← Z

(vi) **दाईं ओर** का अर्थ होता है, बाएँ से दाईं ओर अर्थात् अक्षर A से Z की ओर, A → B → C → D → E → F → ......... → X → Y → Z

(vii) **के बाएँ या दाएँ** किसी अक्षर के बाईं या दाईं किसी निश्चित क्रम के अक्षर का अर्थ होता है, मूल अक्षर को छोड़कर उसके बाएँ या दाएँ किसी निश्चित क्रम का अक्षर अर्थात् यहाँ 'के' का तात्पर्य मूल अक्षर को छोड़कर होता है। जैसे– E के बाएँ तीसरा अक्षर B होगा।

### अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं/दाईं ओर के अक्षर ज्ञात करने के लिए आवश्यक महत्त्वपूर्ण सूत्र

1. अंग्रेजी वर्णमाला में आपके बाएँ से mवें अक्षर के दाईं ओर nवाँ अक्षर
   = **बाएँ से (m + n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– बाएँ से 11वें अक्षर के दाईं ओर 6वाँ अक्षर
   = बाएँ से (11 + 6)वाँ अक्षर = बाएँ से 17वाँ अक्षर = Q
2. अंग्रेजी वर्णमाला में आपके दाएँ से mवें अक्षर के बाईं ओर nवाँ अक्षर
   = **दाएँ से (m + n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– दाएँ से 11वें अक्षर के बाईं ओर 6वाँ अक्षर
   = दाएँ से (11 + 6)वाँ अक्षर = दाएँ से 17वाँ अक्षर = J
3. अंग्रेजी वर्णमाला में आपके बाएँ से mवें अक्षर के बाईं ओर nवाँ अक्षर
   = **बाएँ से (m – n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– बाएँ से 15वें अक्षर के बाईं ओर 5वाँ अक्षर
   = बाएँ से (15 – 5)वाँ अक्षर = बाएँ से 10वाँ अक्षर = J
4. अंग्रेजी वर्णमाला में आपके दाएँ से mवें अक्षर के दाईं ओर nवाँ अक्षर
   = **दाएँ से (m – n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– दाएँ से 15वें अक्षर के दाईं ओर 5वाँ अक्षर
   = दाएँ से (15 – 5)वाँ अक्षर = दाएँ से 10वाँ अक्षर = Q
5. अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में आपके बाएँ से mवें अक्षर के दाईं ओर nवाँ अक्षर = **बाएँ से (m + n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– विपरीत क्रम में आपके बाएँ से 13वें अक्षर के दाईं ओर से 7वाँ अक्षर
   = बाएँ से (13 + 7)वाँ अक्षर = बाएँ से 20वाँ अक्षर = G
6. अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में आपके दाएँ से mवें अक्षर के बाईं ओर nवाँ अक्षर = **दाएँ से (m + n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– विपरीत क्रम में दाएँ से 13वें अक्षर के बाईं ओर से 7वाँ अक्षर
   = दाएँ से (13 + 7)वाँ अक्षर = दाएँ से 20वाँ अक्षर = T
7. अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में आपके बाएँ से mवें अक्षर के बाईं ओर nवाँ अक्षर = **बाएँ से (m – n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– विपरीत क्रम में बाएँ से 13वें अक्षर के बाईं ओर से 7वाँ अक्षर
   = बाएँ से (13 – 7)वाँ अक्षर = बाएँ से 6वाँ अक्षर = U
8. अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में आपके दाएँ से mवें अक्षर के दाईं ओर nवाँ अक्षर
   = **दाएँ से (m – n)वाँ अक्षर**
   **जैसे**– विपरीत क्रम में दाएँ से 13वें अक्षर के दाईं ओर 7वाँ अक्षर
   = दाएँ से (13 – 7)वाँ अक्षर = दाएँ से 6वाँ अक्षर = F

## प्रश्नों के प्रकार

सामान्यतः इस अध्याय के अन्तर्गत पाँच प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* वर्ण (अक्षर) परीक्षण पर आधारित प्रश्न

### 1. सीधे क्रम में अक्षरों का स्थान

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला का कोई अक्षर दिया गया होता है और उसके बाएँ या दाएँ का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 1.** वर्णमाला ABCDEFGHIJKLMNOPQRSTUVWXYZ में बाएँ से सोलहवें अक्षर के दाहिने से छठा अक्षर कौन-सा है?

***(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट। भर्ती परीक्षा 2015)***

(a) F (b) Q (c) U (d) V

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः अक्षर P के दाएँ छठा अक्षर = V

**वैकल्पिक विधि**

अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से mवें अक्षर के दाएँ nवाँ अक्षर

= बाएँ से (m + n) वाँ अक्षर (सूत्र 1 से)

यहाँ, m = 16 तथा n = 6

∴ अभीष्ट अक्षर = बाएँ से (16 + 6) वाँ अक्षर = बाएँ से 22 वाँ अक्षर = V

### 2. विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के सभी अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाता है और उसके बाद किसी अक्षर के दाएँ या बाएँ का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 2.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से तीसरे अक्षर के बाईं ओर 13वाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(a) C (b) P (c) R (d) L

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार,




यहाँ दाएँ से तीसरा अक्षर C है तथा अक्षर C के बाईं ओर अर्थात् Z की ओर 13वाँ अक्षर P है।

अतः अभीष्ट अक्षर = P

**वैकल्पिक विधि**

अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में आपके दाएँ से mवें अक्षर के बाईं ओर nवाँ अक्षर = दाएँ से (m + n)वाँ अक्षर (सूत्र 6 से)

यहाँ, m = 3 तथा n = 13

= दाएँ से (3 + 13)वाँ अक्षर

= दाएँ से 16वाँ अक्षर = P

### 3. प्रथम अर्द्धांश विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के आरम्भ के आधे अक्षरों अर्थात् A से M तक के अक्षरों को विपरीत क्रम में तथा शेष आधे अक्षरों को ज्यों-का-त्यों लिखा जाता है और इसके बाद किसी अक्षर के दाएँ या बाएँ का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 3.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो आपके दाईं ओर से 10वें अक्षर के बाईं ओर 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(a) C (b) E (c) D (d) J

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार,

13 12 11 10 9 8 7 6 5 4 3 2 1 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
M L K J I H G F E [D] C B A N O P Q R S T U V W X Y Z

के बाईं ओर ← 7वाँ ... 10वाँ ← दाईं ओर से

दाईं ओर से 10वाँ अक्षर Q है तथा अक्षर Q के बाईं ओर 7वाँ अक्षर D है।
अतः अभीष्ट अक्षर = D

## 4. द्वितीय अर्द्धांश विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के अन्त से आधे अक्षरों अर्थात् N से Z तक के अक्षरों को विपरीत क्रम में तथा आरम्भ के आधे अक्षरों अर्थात् A से M तक के अक्षरों को ज्यों-का-त्यों लिखा जाता है और उसके बाद किसी अक्षर के दाएँ या बाएँ का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 4.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के द्वितीय अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाएँ से 13वें अक्षर के दाईं ओर 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(a) T (b) U (c) V (d) S

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 26 25 24 23 22 21 20 19 18 17 16 15 14
A B C D E F G H I J K L M Z Y X W V U [T] S R Q P O N

बाएँ से → 13वाँ → के दाईं ओर → 7वाँ

बाएँ से 13वाँ अक्षर M है तथा M अक्षर के दाईं ओर 7वाँ अक्षर T है।
अतः अभीष्ट अक्षर = T

## 5. अनेक अक्षर खण्डों के विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर कई छोटे-छोटे खण्डों में विपरीत क्रम में लिखे जाते हैं और उसके बाद किसी अक्षर के दाएँ या बाएँ का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 5.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम 4 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, पुनः 5 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 6 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 7 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में तथा शेष अक्षरों को भी विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 8वें अक्षर के बाएँ 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(a) O (b) L (c) N (d) M

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,

4 3 2 1 9 8 7 6 5 15 14 13 12 11 10 22 21 20 19 18 17 16 26 25 24 23
D C B A I H G F E O N [M] L K J V U T S R Q P Z Y X W

7वाँ ← के बाएँ ← 8वाँ ← दाएँ से

दाएँ से 8वाँ अक्षर S है तथा S अक्षर के बाईं ओर 7वाँ अक्षर M है।
अतः अभीष्ट अक्षर = M

## 6. दो अक्षरों के मध्य में अक्षरों की संख्या

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के दो अक्षर दिए गए रहते हैं और इन दोनों अक्षरों के मध्य में कितने अक्षर विद्यमान हैं यही पूछा जाता है। इसके अन्तर्गत निम्न चार स्थितियाँ बन सकती हैं

**स्थिति (a)** ⟶ ...?... ⟵

**स्थिति (b)** ⟶ ⟶ ...?...

**स्थिति (c)** ⟵ ...?... ⟵

**स्थिति (d)** ⟶ ...?... ⟵

**उदाहरण 6.** अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 8वें तथा दाएँ से 7वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर हैं?

(a) 8 (b) 9 (c) 10 (d) 11

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार, स्थिति (a) से,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

बाएँ से → 8वाँ | 11 अक्षर | 7वाँ ← दाएँ से

बाएँ से 8वाँ अक्षर H है तथा दाएँ से 7वाँ अक्षर T है और इन दोनों के मध्य में 11 अक्षर हैं। अतः अक्षरों की अभीष्ट संख्या = 11

**उदाहरण 7.** अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 22वें तथा बाएँ से 8वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर हैं?

(a) 11 (b) 12 (c) 13 (d) 14

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार, स्थिति (b) से,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

बाएँ से → 22वाँ (13 अक्षर)
बाएँ से → 8वाँ

बाएँ से 22वाँ अक्षर V है तथा बाएँ से 8वाँ अक्षर H है और इन दोनों के मध्य में 13 अक्षर हैं।
अतः अक्षरों की अभीष्ट संख्या = 13

## 7. दो अक्षरों के मध्य का अक्षर

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में, अंग्रेजी वर्णमाला के दो अक्षर दिए होते हैं और इन दोनों अक्षरों के मध्य का अक्षर प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 8.** अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 7वें अक्षर एवं दाएँ से 10वें अक्षर के मध्य में कौन-सा अक्षर होगा ?

(a) L (b) M (c) N (d) O

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
A B C D E F G H I J K [L] M N O P Q R S T U V W X Y Z

बाएँ से → 7वाँ — मध्य — 10वाँ ← दाएँ से

बाएँ से 7वाँ अक्षर G है तथा दाएँ से 10वाँ अक्षर Q है और इन दोनों के ठीक मध्य में अक्षर L है। अतः अभीष्ट अक्षर = L

## 8. वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित करने के बाद अक्षरों की समान स्थिति

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत, एक शब्द दिया गया होता है और यह पूछा जाता है कि यदि शब्द में दिए गए अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति में परिवर्तन नहीं होगा।

**उदाहरण 9.** यदि शब्द CADMP में प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे?

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मूल शब्द | C | A | D | M | P |
| वर्णमाला क्रमानुसार, | A | C | D | M | P |

अतः इस प्रकार के अक्षर D, M तथा P हैं।

# प्रश्नावली 1.1

**1.** अंग्रेजी वर्णमाला में कौन-सा अक्षर बाईं ओर से 15वाँ होगा?
(a) N (b) O (c) P (d) Q

**2.** अंग्रेजी वर्णमाला में कौन-सा अक्षर दाईं ओर से 10वाँ होगा? ***(UP B.Ed 2011)***
(a) P (b) Q (c) R (d) S

**3.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर P के ठीक बाईं ओर कौन-सा अक्षर होगा? ***(SSC CGL 2013)***
(a) O (b) N (c) Q (d) R

**4.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर P के दाईं ओर 5वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) L (b) M (c) U (d) V

**5.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर R के बाईं ओर से 5वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(SSC 10+2 2009)***
(a) M (b) N (c) V (d) T

**6.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाईं ओर से 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(UP Police Constable 2013)***
(a) K (b) J (c) O (d) P

**7.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाईं ओर से 15वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(IGNOU B.Ed 2009)***
(a) O (b) N (c) M (d) L

**8.** अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं ओर से 18वें अक्षर के बाईं ओर 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(UP B.Ed 2012)***
(a) B (b) A
(c) H (d) I

**9.** निम्न अनुक्रम में बाएँ से 18वें अक्षर के दाईं ओर छठा अक्षर है
ABCDEFGHIJKLMNOPQRSTUVWXYZ ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) Z (b) X
(c) W (d) Y

**10.** अंग्रेजी वर्णमाला में दाईं ओर से 15वें अक्षर के बाईं ओर 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) A (b) B
(c) Y (d) Z

**11.** अंग्रेजी वर्णमाला में दाईं ओर से 15वें अक्षर के दाईं ओर 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) B (b) C
(c) U (d) V

**12.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर K के बाईं ओर से 5वें के बाईं ओर 5वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**13.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर N के बाईं ओर से 5वें अक्षर के दाईं ओर 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) Z (b) A
(c) S (d) Y

**14.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर M के दाईं ओर से 5वें अक्षर के दाईं ओर 5वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) R (b) W
(c) V (d) U

**15.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाईं ओर 11वें अक्षर के ठीक बाईं ओर कौन-सा अक्षर होगा?
(a) R (b) Q
(c) O (d) N

**16.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो अक्षर M के बाईं ओर 5वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(MAT 2011)***
(a) G (b) H
(c) S (d) R

**17.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो अक्षर K के दाईं ओर 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(IGNOU B.Ed 2011)***
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**18.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 11वें अक्षर के दाएँ 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(SSC FCI 2010)***
(a) D (b) E
(c) V (d) W

**19.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाएँ से 11वें अक्षर के बाएँ 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(SSC FCI 2008)***
(a) W (b) H
(c) I (d) D

**20.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाएँ से 14वें अक्षर के दाएँ 8वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(SBI Clerk 2009)***
(a) G (b) E (c) H (d) W
(e) D

**21.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 10वें अक्षर के बाएँ 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(BOB PO 2010)***
(a) S (b) V (c) T (d) G
(e) W

**22.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 15वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(PNB Clerk 2008)***
(a) A (b) B (c) C (d) D
(e) E

**23.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो बाएँ से 10वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(SBI PO 2011)***
(a) A (b) B (c) C (d) D
(e) E

**24.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के द्वितीय अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 15वाँ अक्षर कौन-सा होगा? ***(LIC ADO 2009)***
(a) M (b) L (c) K (d) J
(e) O

**25.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला में से अक्षर Z हटा लिया जाए और शेष अक्षरों को बाईं ओर से 5-5 के समूह में बाँटकर क्रमशः विपरीत क्रम में अर्थात् पहले 5 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए इसके बाद पुनः 5 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए और आगे भी यही क्रम जारी रखा जाए, तो बाईं ओर से 17वें अक्षर के बाईं ओर 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) E (b) F
(c) G (d) O

***26.*** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के पहले 8 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, पुनः दूसरे 8 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, पुनः 8 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए तथा शेष अक्षरों को सीधे क्रम में ही अर्थात् पहले जैसा ही रहने दिया जाए, तो दाएँ 8वें अक्षर के बाएँ 7वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(a) I (b) J (c) N (d) M

***27.*** अंग्रेजी वर्णमाला में दाएँ से 20वें तथा दाएँ से 10वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर हैं?
(a) 10 (b) 9 (c) 12 (d) 13

***28.*** अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 20वें अक्षर तथा दाएँ से 18वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर हैं?
(a) 9 (b) 10 (c) 11 (d) 12

***29.*** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के सभी अक्षर व्युत्क्रम में लिखे जाएँ, तो दाएँ से 20वें अक्षर एवं बाएँ से 21वें अक्षर के ठीक मध्य में कौन-सा अक्षर आएगा? ***(Postal Assist. 2013)***
(a) N (b) M
(c) O (d) इनमें से कोई नहीं

***30.*** यदि अंग्रेजी वर्णमाला में सम संख्या पर आने वाले सभी अक्षरों को (4 के गुणकों को छोड़कर) हटा दिया जाता है, तो नई वर्णमाला श्रृंखला में 13 वें स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा? ***(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)***
(a) O (b) P
(c) Q (d) R

***31.*** यदि शब्द BRAKES को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने वर्णों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा? ***(DMRC JE 2014)***
(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) इनमें से कोई नहीं

***32.*** शब्द BREAK के अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर ऐसे कितने अक्षर हैं जिनका स्थान अपरिवर्तित रहेगा? ***(IBPS PO 2014)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***33.*** यदि शब्द ABSOLUTE के अक्षरों को वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करें, तो कितने अक्षर अपने पूर्व स्थान पर रहेंगे? ***(IBPS Clerk 2013)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***34.*** शब्द CATEGORY के अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित करने पर ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनका स्थान अपरिवर्तित रहेगा? ***(LIC ADO 2012)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***35.*** यदि शब्द HEXAGON के अक्षरों को बाएँ से दाएँ वर्ण क्रमानुसार लगाया जाए, तो कितने अक्षर उसी स्थान पर रहेंगे? ***(Andhra Bank PO 2010)***
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***36.*** यदि शब्द POETICAL के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस पुनर्व्यवस्था के बाद कितने अक्षर अपरिवर्तित रहेंगे? ***(LIC ADO 2009)***
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***37.*** यदि शब्द PRODUCT के अक्षरों को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे? ***(SBI Clerk 2010)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***38.*** यदि शब्द PRODUCTS में प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में बाएँ से दाएँ लगाने पर कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे? ***(Dena Bank PO 2010)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***39.*** यदि शब्द TEMPORAL के अक्षरों को वर्णमाला के अनुसार संयोजित करें, तो कितने अक्षर ऐसे हैं, जिनके स्थान में परिवर्तन नहीं होगा? ***(UBI Clerk 2012)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***40.*** यदि शब्द VERTICAL के अक्षरों को वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करें, तो कितने अक्षर अपने पूर्व स्थान पर रहेंगे? ***(IBPS PO 2011)***
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***41.*** शब्द WASHINGTON में वह कौन-सा अक्षर है, जो गिनने पर (प्रारम्भ से) वही संख्या पर है, जो वर्णमाला में है?
***(UPSSSC जूनियर इंजीनियर तकनीकी 2015, UPPSC Pre 2014)***
(a) N (b) T
(c) O (d) G

***42.*** यदि शब्द BACKFIELDS के अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में लगाया जाए, तो पुर्नव्यवस्था के पश्चात् अक्षर F के दाएँ को दूसरा अक्षर कौन-सा होगा?
(a) K (b) C
(c) L (d) E

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(b)* प्रश्नानुसार,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
A B C D E F G H I J K L M N [O] P Q R S T U V W X Y Z

बाईं ओर से → 15वाँ

बाईं ओर से 15वाँ अक्षर O है।

***2.*** *(b)* प्रश्नानुसार,

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26
A B C D E F G H I J K L M N O P [Q] R S T U V W X Y Z

10वाँ ← दाईं ओर से

दाईं ओर से 10वाँ अक्षर Q है।